**तैयारी** | अब स्विटरजलैंड के दावोस सम्मेलन में ब्रांड यूपी पर जोर, जनवरी में होगा यह वैश्विक आयोजन, निवेश संभावनाएं दिखाने का मौका

# विश्व आर्थिक मंच पर दिखेगी यूपी की धमक

■ अजित खरे

लखनऊ। विश्व आर्थिक मंच पर दुनिया अब यूपी की आर्थिक तरक्की जानेगी। दुनिया भर के निवेशक व वित्तीय संस्थाएं भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की संभावनाएं भी जानेंगी। इसके जरिए ब्रांड यूपी को भी खास तौर पर शोकेस किया जाएगा।

दावोस-क्लोस्टर्स (स्विट्जरलैंड) में 20 जनवरी से 24 जनवरी तक विश्व आर्थिक मंच की बैठक होने जा रही है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय निवेशक, वित्त विशेषज्ञ, वित्तीय संस्थाएं व बैंकिंग सेक्टर के दिग्गज व विभिन्न देशों के प्रमुख शिरकत करेंगे। इसमें यूपी को खास तौर पर आमंत्रित किया गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश व विशेष सचिव ऊर्जा अनुपम शुक्ल को दावोस जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में नामित किया है। इसमें प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास भी शामिल होंगे। इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यूपी सरकार से कहा है कि इस वैश्विक आयोजन भारत को अपनी आर्थिक ताकत, विविध अवसर और विशाल स्तर पर निवेश की संभावनाएं दिखाने का मौका है। ऐसे में यूपी को इस संदर्भ में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करानी है। यूपी सरकार को प्रारंभिक तौर पर 10 करोड़ खर्च करने हैं।



## लखनऊ एआई हब के तौर पर विकसित होगा

यूपी विश्व आर्थिक फोरम की बैठक में यूरोपियन व अमेरिक कंपनियों के समक्ष सौर ऊर्जा, लाजिस्टिक पार्क, आईटी व फार्मा सेक्टजर में निवेश के लिए आमंत्रित कर सकता है। आर्टीफिश्यल इंटलीजेंस के उद्योगों में बढ़ते उपयोग के मद्देनजर यूपी लखनऊ को एआई हब के तौर पर विकसित करने जा रहा है।

इसे खास तौर पर मंच की बैठक में शोकेस किया जाएगा। पिछली बार विश्व आर्थिक मंच की बैठक में यूपी ने स्विस फेडरेल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी ज्यूरिख के साथ एमओयू किया था।

## जापानी प्रतिनिधि मंडल कल सीएम से मिलेगा

लखनऊ। जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कात्रो नागासाकी के नेतृत्व में राजनयिकों व उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल तीन दिन के दौरे पर यूपी आएगा। 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष एक एमओयू पर दस्तखत होंगे। यह शिष्टमंडल बाद में आगरा जाकर ताजमहल का दीदार भी करेगा। जापान सेमीकंडक्टर डिवाइस, इलेक्ट्रानिक उपकरण व रोबोटिक्स निर्माण व ग्रीन हाईड्रोजन, वाइन निर्माण सेक्टरों में यूपी के साथ सहयोग का इच्छुक है। यह यात्रा इसी सिलसिले में हैं। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह इस समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे। शिष्टमंडल में यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी के चेयरमैन भी रहेंगे।